आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 16.02.2025

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— राष्ट्रीय खेलों के लिए विकसित अत्याधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार ठोस कार्ययोजना बनाएगी।

- 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में खेल विभाग विशेष भोज का आयोजन करेगा।

- राज्य विधानसभा का बजट सत्र आगामी 18 फरवरी से होगा शुरू, सत्र की तैयारियों में जुटा विधानसभा प्रशासन।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— भारत न केवल भविष्य के बारे में वैश्विक विचार विमर्श का केन्द्र है बल्कि इन चर्चाओं का नेतृत्व भी कर रहा है।

- हरिद्वार में शारदीय कांवड़ यात्रा शुरू, यात्रा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी में डुबकी लगाई।

ठोस कार्ययोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राष्ट्रीय खेलों के लिए विकसित अत्याधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार एक ठोस कार्ययोजना बनाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की बदौलत, उत्तराखंड को विभिन्न शहरों में आधुनिक खेल सुविधाएं मिली हैं, जिनका उपयोग राज्य की खेल प्रतिभाओं को संवारने के लिए किया जाएगा। सरकार, इन सुविधाओं के दीर्घकालिक और प्रभावी उपयोग के लिए एक ठोस नीति बनाएगी, जिससे उत्तराखंड में खेलों की संस्कृति को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने खेलों के आयोजन को उत्तराखंड के लिये राष्ट्रीय खेल मंच पर एक नई ऊंचाई बताया। राष्ट्रीय खेलों की शानदार मेजबानी और खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन को सराहते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य के खिलाड़ियों को 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि अब राज्य का ध्यान मेघालय में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों पर रहेगा। इसके लिए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल विभाग को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी, जिसमें सरकार पूरा सहयोग देगी।

विशेष भोज

38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में खेल विभाग विशेष भोज का आयोजन करने जा रहा है। इसके लिए खेल मंत्री रेखा आर्य ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन की सभी तैयारियां जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में करीब 103 विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्री ने पदक विजेताओं को दी जाने वाली नकद राशि और अन्य सरकारी घोषणाओं

को भी जल्द लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी।

बजट सत्र

आगामी 18 फरवरी से देहरादून में आयोजित होने जा रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी की अध्यक्षता में बजट सत्र की तैयारियों को लेकर विधानसभा में बैठक जारी है। जिसमें सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और अन्य तैयारियों को लेकर मंथन किया जा रहा है। इस बीच विधानसभा परिसर के आस–पास बैरिकेडिंग करने के साथ ही अन्य तैयारियां भी युद्ध स्तर पर जारी है।

भारत–तिब्बत सीमा क्षेत्र

चमोली जिले में भारत–तिब्बत सीमा क्षेत्र में माणा पास, रिमखिम पास और नीती पास मौजूद हैं। जो नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर होने के साथ ही धार्मिक आस्था के केंद्र भी है। ऐसे में इन क्षेत्रों के भ्रमण के लिए प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में राज्य और देश के अनेकों पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन सीमा क्षेत्र होने के चलते यहां पहुंचने के लिए प्रशासनिक अनुमति आवश्यक है। जिसके लिए वर्तमान तक ऑफ लाइन आवेदन करना होता था। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि चमोली के सीमा क्षेत्र में भ्रमण के लिए इनर लाइन पास के आवेदन की सुविधा को ऑनलाइन किया जा रहा है।

सराहना

गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 3 से 10 फरवरी तक चले पल्स एनीमिया महाअभियान में रुद्रप्रयाग जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने सराहना की है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को एनीमिया की रोकथाम और गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी पर जोर देने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया यानी खून की कमी से मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के 81 स्वास्थ्य उपकेंद्रों में गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई। अभियान के तहत एक हजार 53 महिलाओं की जांच की गई। इनमें से 10 महिलाओं में एनीमिया पाया गया, जिनका तत्काल उपचार किया गया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल भविष्य के बारे में वैश्विक विचार विमर्श का केन्द्र है बल्कि इन चर्चाओं का नेतृत्व भी कर रहा है। नई दिल्ली में कल एक मीडिया हाउस में आयोजित बैठक में श्री मोदी ने कहा कि भारत को विश्व में एक ऐसा स्थान मिला हुआ है जो पहले कभी नहीं था। उन्होंने कहा कि देश में और वैश्विक मंच पर लोगों में भारत का विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत वर्ष 2014 से तेज विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मात्र एक दशक में भारत विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने व्यापार के भय को आसान व्यापार के रूप में परिवर्तित कर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत बनने की यात्रा में निजी क्षेत्र को महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखती है।

## शारदीय कांवड़ यात्रा

हरिद्वार में शारदीय कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। यात्रा के पहले दिन कल बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी में डुबकी लगाई। उपजिलाधिकारी अजयवीर सिंह ने बताया, कि हरिद्वार में 2 सत्रों में कावड़ यात्रा रहती है। शारदीय कावड़ यात्रा महाशिवरात्रि तक चलेगी। इस संबंध में एक अंतरराज्यीय बैठक भी हुई थी और विभिन्न जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर प्लान तैयार किया गया है।

## स्वच्छता वाररुम

राजधानी देहरादून शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम परिसर में स्वच्छता वाररुम की स्थापना की गई। स्वच्छता वाररुम में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटिरिंग, शिकायतों का समय पर निस्तारण और पब्लिक फीडबैक का कार्य किया जायेगा। इस दौरान स्वच्छता बैज का भी विमोचन किया गया। यह बैज उन भवन स्वामियों को दिया जायेगा जिनके द्वारा अपने घर का सूखा और गीला कूडा पृथक करते हुए नगर निगम के डोर–टू–डोर कूडा उठान के लिए संचालित वाहनों को लगातार कूडा दिया जायेगा।

## यूसीसी–निर्देश

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट में यूसीसी की बैठक आयोजित कर अधिकारियों को इसके क्रियान्वयन की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया और रजिस्ट्रार व उप जिलाधिकारियों को हर दिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। श्री बंसल ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को यूसीसी से जुड़े मामलों की दैनिक निगरानी के निर्देश दिए, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला पंचायतराज अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। जिले में अब तक यूसीसी के तहत 698 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 531 का निस्तारण हो चुका है, जबकि शेष आवेदनों पर कार्रवाई जारी है। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।